<u>कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।</u>

<u>प्रेस-नोट</u>

दिनांक-31/03/2024

<u>विषय:-</u> <u>01 किग्रा0 200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ 01 अभियुक्त को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।</u>

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 31.03.2024 को अवैध रुप से देशी शराब बेच रहे अभियुक्त को बहद मोहल्ला मध्यमेश्वर से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 किग्रा0 200 ग्राम नाजायज गांजा व 200 रुपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0- 0024/2024 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत कर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>घटना का विवरण-</u> दिनांक 31.03.2024 को अभियुक्त द्वारा अवैध रुप से नाजायज गांजे को बेचना।

<u>विवरण पूछताछ-</u> अभियुक्त श्याम चौहान के द्वारा बताया गया कि झोले मे गांजा रखकर मै घूम फिर कर घाटो व आटो स्टैण्ड के पास पुड़ीया बनाकर बेच रहा था कि तभी उसको पुलिस द्वारा पकड लिया गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

1. श्याम चौहान पुत्र स्व0 उमानाथ चौहान निवासी आशापुर चन्द्रा चौराहा थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र 30 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. 01 किग्रा0 200 ग्राम नाजायज गांजा व 200 रुपये बरामद।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 रवि पाण्डेय, चौकी प्रभारी सप्तसागर थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 पीयूष कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. का0 शिवम भारती थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।